सप्तदिवसीय शैक्षिक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक

उद्घाटन समारोह : 01 से 07 जुलाई 2022 तक महाविद्यालय की परम्परा के अनुसार प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सप्तदिवसीय शैक्षिक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक का आयोजन महाविद्यालय के जगत जननी माँ सीता सभागार में प्रारम्भ हुआ। कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव द्वारा किया गया। बैठक में प्राचार्य ने कार्यशाला की प्रस्ताविकी तथा

योजना बैठक में चर्चा-परिचर्चा करते प्राचार्य एवं शिक्षक

सम्पूर्ण कार्ययोजना प्रस्तुत की। कार्यशाला के प्रथम दिन CBCS पाठ्यक्रम के अन्तर्गत अध्ययन-अध्यापन हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा कर सुझाव प्रस्तुत किये गये। इस विषय पर डॉ. अमित कुमार त्रिपाठी, डॉ. विजय कुमार चौधरी, श्रीमती शिप्रा सिंह तथा श्री शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। तद्नन्तर परिचर्चा के साथ कार्यशाला का प्रथम दिन सम्पन्न हुआ।

दूसरा दिन : 02 जुलाई को शिक्षक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक के दूसरे दिन प्रथम सत्र में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में शैक्षिक पंचांग, दायित्व सह कार्य विभाजन, प्रवेश, परीक्षा, परिसर अनुशासन आदि विषय पर तथा द्वितीय सत्र में पुस्तकालय, स्वच्छता, प्रयोगशाला आदि विषय पर चर्चा की गई जिसमें डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. आर.एन. सिंह, श्री रमाकान्त दूबे, श्री विनय कुमार सिंह, श्रीमती शिप्रा सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने अपनी बात रखी। शिक्षकों द्वारा दिए गये महत्वपूर्ण सुझाव के साथ सत्र सम्पन्न हुआ।

योजना बैठक में अपनी बात रखते डॉ. एस.एन. शुक्ल

तीसरा दिन : 03 जुलाई को वार्षिक योजना बैठक के तीसरे दिन प्रथम सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना, पठन-पाठन, नैक तथा द्वितीय सत्र में वेबसाइट, खेल-कूद आदि विषयों पर श्री श्रीनिवास सिंह, श्री अभिषेक वर्मा, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव तथा सुधा शुक्ल सहित अन्य शिक्षकों ने अपने विचार प्रस्तुत किया।

नैक के संदर्भ में जानकारी देते श्री अभिषेक वर्मा

चौथा दिन : 04 जुलाई को कार्यशाला एवं बैठक के चौथे दिन प्रथम सत्र में उन्नत भारत अभियान, गोद लिए गाँव, गोद लिए गये विद्यार्थी तथा द्वितीय सत्र में CBCS पाठ्यक्रम के अनुसार पाठयोजना, प्रार्थना सभा तथा क्रीड़ा आदि विषय पर चर्चा की गई। इस सत्र में श्री चन्दन शर्मा, श्री चन्दन ठाकुर, डॉ. नीलम गुप्ता, श्रीमती साधना सिंह, श्रीमती विभा सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

CBCS पाठ्यक्रम पर विचार विमर्श करते शिक्षक एवं प्राचार्य

पाँचवा दिन : 05 जुलाई को बैठक के पाँचवें दिन प्रथम सत्र में विभागीय कार्ययोजना, छात्र-संघ एवं

द्वितीय सत्र में ध्येय पथ, निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण, निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण, निःशुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र आदि विषय पर सुश्री स्मिता दूबे, डॉ. सुबोध कुमार मिश्र, श्रीमती साधना सिंह, श्री सूरज मिश्रा सहित अन्य शिक्षकों ने भी अपनी-अपनी बात रखी।

छठवाँ दिन : 06 जुलाई को बैठक के छठवें दिन प्रथम सत्र में रोवर-रेंजर्स, प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम, बागवानी तथा द्वितीय सत्र में शोध-पत्रिका प्रकाशन, छात्र समिति, ई.पी.एफ आदि विषय पर डॉ. सुबोध कुमार मिश्र, श्री अरविन्द कुमार मौर्य, डॉ. अरूण कुमार राव, श्री अभिषेक वर्मा श्रीमती शालू श्रीवास्तव, डॉ. आरती सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने अपने विचार रखे।

योजना बैठक में अपनी बात रखते डॉ. सुबोध कुमार मिश्र

छात्रा कल्याण समिति के संदर्भ में अपनी बात रखतीं डॉ. आरती सिंह

सप्तदिवसीय शैक्षिक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक का समारोप

07 जुलाई 2022 को कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक के सातवें दिन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में प्रथम सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा महत्वपूर्ण आयोजनों जैसे- महन्त अवेद्यनाथ स्मृति व्याख्यानमाला, साप्ताहिक पुण्यतिथि समारोह, युवा महोत्सव, भारत-भारती पखवारा, समावर्तन संस्कार आदि सम्पूर्ण विषयों की कार्ययोजना से सम्बन्धित लिए गए निर्णयों को प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने प्रस्तुत किया। सात दिनों के गहन विचार-विमर्श और अनेक सुझावों के आलोक में सत्र 2022-23 के लिए महाविद्यालय की वार्षिक योजना एवं शैक्षिक पंचाग निर्मित किया गया।

वार्षिक योजना बैठक के समापन अवसर पर
पठन-पाठन से संबंधी विचार रखतीं श्रीमती शिप्रा सिंह